प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 02.12.2024**

**मुख्य समाचारः—**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी, विशेषकर डीप फेक से उत्पन्न खतरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की।
- राज्य सरकार ने प्रदेश में महापौर, नगर पालिका और नगर पंचायत के अध्यक्षों का चुनाव अब प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने का निर्णय लिया है।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में बारिश की संभावना को देखते हुए धान के बचाव के लिए एहतियाती कदम उठाने के निर्देश अधिकारियो को दिए।
- चक्रवात फेंजल के असर से कल दक्षिण छत्तीसगढ़ में हल्की वर्षा होने की संभावना।

**प्रधानमंत्री—साइबर अपराध**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी, विशेषकर डीप फेक से उत्पन्न खतरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। भुवनेश्वर में उनसठवें अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पुलिस पर कार्य भार कम करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने पुलिस थानों को संसाधन आवंटन का केंद्र बिंदु बनाने का भी सुझाव दिया। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ। उन्होंने सम्मेलन के दौरान सुझाई गई रणनीतियों पर संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने पुलिस नेतृत्व से डिजिटल जालसाजी, साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संभावित संकटों से निपटने के लिये भारत की प्रौद्योगिकी क्षमता दोग

**मुख्यमंत्री—निर्देश**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तमिलनाडू में आये चक्रवाती तूफान फेंजल के असर से प्रदेश में बारिश की संभावना को देखते हुए धान को बारिश से बचाने के लिए एहतियाती कदम उठाने के निर्देश अधिकारियो को दिए हैं। इस संबंध में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने सभी जिलों के कलेक्टरों को पुख्ता इन्तजाम करने के निर्देश दिए है। खाद्य मंत्री ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

गौरतलब है कि प्रदेश में चौदह नवंबर से धान खरीदी का महाअभियान चल रहा है। अब तक किसानों से अट्ठारह लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। वहीं, किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत तीन हजार सात सौ छह करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया गया है। धान खरीदी इकतीस जनवरी दो हजार पच्चीस तक चलेगी।ुनी कर इस चुनौती को अवसर में बदलने की अपील की। शहरी पुलिस प्रबंधन में प्रभावी कदमों की सराहना करते हुए श्री मोदी ने सुझाव दिया कि प्रत्येक पहल देश के सौ शहरों में समन्वित रूप से लागू की जाये। उन्होंने स्मार्ट पुलिसिंग के मंत्र पर जोर दिया तथा पुलिस बल को और अधिक सतर्क, कौशल संपन्न, विश्वसनीय और पारदर्शी बनाने का आग्रह किया।

तीन दिन के इस सम्मेलन में पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक रैंक के लगभग दो सौ पचास अधिकारियों ने भाग लिया। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी बैठक में शामिल हुए।

**राईस मिलर्स–बैठक**

राज्य शासन के अनुसार धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव न होने के कारण केन्द्रों में जाम की स्थिति और किसानों को धान बेचने में हो रही दिक्कत का समाधान हो गया है। राईस मिलर्स ने धान खरीदी केन्द्रों से धान का नियमित रूप से उठाव करने और कस्टम मिलिंग जारी रखने का निर्णय लिया है। लघु उद्योग भारती और भारतीय किसान संघ के साथ राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच हुई बातचीत के दौरान राज्य शासन ने मिलर्स की बीते वर्षों की बकाया राशि के जल्द भुगतान का आश्वासन दिया है। अब धान उपार्जन केन्द्रों से राईस मिलर्स लगातार धान का उठाव करेंगे

**मुख्य न्यायाधीश–न्यायालय शुभारंभ**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज रायपुर जिले के व्यवहार न्यायालय आरंग का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आरंग में व्यवहार न्यायालय की स्थापना से पक्षकारों और अधिवक्ताओं के लिए कार्य का अच्छा वातावरण निर्मित होगा। साथ ही पक्षकारों को मामलों की सुनवाई के लिए रायपुर नहीं जाना पड़ेगा।

**मंत्रिमंडल–निर्णय**

छत्तीसगढ़ में अब नगर पालिका निगमों के महापौर और नगरीय निकायों के पंचायत अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराया जाएगा। यह निर्णय आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया। राज्य में पिछली कांग्रेस सरकार ने ये चुनाव अप्रत्यक्ष तरीके से कराने का निर्णय लिया था। आज मंत्रिपरिषद की बैठक में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट की अनुशंसाओं के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग की संख्या के अनुपात में पचास प्रतिशत की अधिकतम सीमा तक आरक्षण के प्रावधान की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन को उद्योग का दर्जा प्रदान करने का निर्णय लिया है।

**राष्ट्रपति–दिव्यांगजन पुरस्कार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रीय दिव्यांग जन सशक्तीकरण पुरस्कार प्रदान करेंगी। कुल बाईस व्यक्तियों और ग्यारह संस्थानों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार इस अवसर पर दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ करेंगे।

**अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांजन दिवस**

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर कल राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समाज कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस समारोह के अवसर पर राज्य भर से लगभग पांच हजार दिव्यांगजन शामिल होंगे। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले दिव्यांगजनों को सम्मानित भी किया जाएगा।

**राजभवन–राज्य स्थापना दिवस**

राजभवन में आज असम और नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि केन्द्र सरकार के "एक भारत–श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते हैं।

## माओवादी–आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा जिले में चलाये जा रहे लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर आज दो माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले ये माओवादी पूर्वी बस्तर डिवीजन के आमदई एरिया कमेटी के अंतर्गत तोड़मा आरपीसी में सक्रिय थे। आत्मसमर्पित इन दोनों माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही शासन की विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा।

## ठगी–आरोपी गिरफ्तार

रायपुर रेंज की साइबर थाना पुलिस ने सिम स्वैपिंग, क्रिप्टोकरेंसी और शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी करने वाले नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को अलग–अलग छह मामलों में दुर्ग, महासमुंद, बिलासपुर, रायपुर, पुणे, मुंबई और नासिक से पकड़ा गया है। इन आरोपियों के बैंक खातों से लगभग छह लाख रूपए पीड़ितों के खाते में जमा किए गए हैं। इसके साथ ही बैंक अकाउंट में होल्ड चार करोड़ रुपए से अधिक की राशि पीड़ितों के खातों में जल्द वापस करने की प्रक्रिया जारी है। गिरफ्तार आरोपियों ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम पर लोगों से करोड़ों रूपए की ठगी की है। सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा पर जेल भेजा दिया गया है।

उधर, सक्ती जिले की बाराद्वार पुलिस ने दो व्यक्तियों से रकम दोगुना करने के नाम पर साढ़े तेईस लाख रुपये ठगी करने वाली कम्पनी के डायरेक्टर की पत्नी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कंपनी के डायरेक्टर सहित तीन आरोपी फरार हैं, जिनमें से दो आरोपी ओड़िशा के रहने वाले बताए जाते हैं।

## मौसम

चक्रवात फेंजल के असर से प्रदेश में कल दक्षिण छत्तीसगढ़ में हल्की वर्षा होने की संभावना है। जबकि बस्तर संभाग में चार दिसम्बर तक वर्षा का दौर चलेगा। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवात फेंजल कमजोर होकर एक अवदाब के रूप में उत्तर तमिलनाडु के ऊपर स्थित है। वहीं, बंगाल की खाड़ी से प्रचूर मात्रा में नमी का आगमन लगातार जारी है। इसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहेंगे। अगले चौबीस घंटों में बादल छटने से न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी।